**मनमानी** | आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, सीएम हेल्पलाइन में की गई शिकायत

# शराब दुकानों में एमआरपी से अधिक की वसूली



**अनूपपुर, नवभारत 24 सितंबर।** जिले में शराब दुकानों का ठेका एक ही व्यक्ति वीरेन्द्र राय को मिलने के बाद से लगातार शराब दुकानों में अनियमितताओं की शिकायतें सामने आ रही हैं। जिले की 21 शराब दुकानों पर ग्राहकों से एमआरपी से अधिक वसूली, अवैध कारोबार, रेट लिस्ट और बिल उपलब्ध नहीं कराना आम बात हो गई है।

स्थानीय लोग लंबे समय से आवाज उठा रहे हैं। यहां तक कि सीएम हेल्पलाइन में भी इस मामले से जुड़ी सर्वाधिक शिकायतें दर्ज हुई हैं, लेकिन आबकारी विभाग की चुप्पी ने प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, कई दुकानों पर 200 रुपए एमआरपी वाली बोतल ग्राहकों को 280 से 300 रुपए तक बेची जा रही है। यानी प्रति बोतल 80 से 100 रुपए की वसूली। यह स्थिति बताती है कि एक दिन में ही हजारों-लाखों रुपए का अवैध मुनाफा दुकानदार कमा रहे हैं। यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि उपभोक्ताओं के साथ खुला अन्याय भी है।

### कई बार हुआ वाद-विवाद

जिले की सभी शराब दुकानों पर न तो रेट लिस्ट प्रदर्शित की गई है और न ही ग्राहकों को बिल दिया जा रहा है। इस वजह से खरीदारों को यह पता ही नहीं चलता कि वे कितनी राशि अधिक चुका रहे हैं। मजबूरी में लोग शराब की बोतल में अंकित एमआरपी राशि से अधिक रूपये वसूलने पर वाद विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। जहां दुकानदार उन्हे दुकान से या तो शराब देने से मना कर दिया जाता है।

### आबकारी विभाग की भूमिका संदिग्ध

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब इतने लंबे समय से यह शिकायतें सामने आ रही हैं तो आबकारी विभाग ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की? विभाग की चुप्पी और निष्क्रियता कहीं न कहीं भ्रष्टाचार और मिलीभगत की ओर इशारा करती है। विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठना स्वाभाविक है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस लड़ाई में जता की भागीदारी भी आवश्यक है।

### इनका कहना है

जिले की समस्त 21 शराब दुकानों में अगर रेट लिस्ट या बार कोड चस्पा नहीं किया गया है या फिर एमआरपी से अधिक की वसूली करते हुए उपभोक्ताओं को बिल नही दिया जाता है, तो निश्चित ही जांच करते हुए कार्यवाही की जाएगी।

**खेमराज श्याम**
**आबकारी अधिकारी**
**अनूपपुर**

## जरूरतमंद को प्रदान किया गया ठेला

**राजनगर, नवभारत ।** श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्षा शशि दुहन एवं सभी उपाध्यक्षाओं के मार्गदर्शन में जागृति महिला समिति, हसदेव क्षेत्र की अध्यक्षा विनीता शर्मा एवं उनकी टीम ने राजनगर में सामाजिक एवं कल्याणकारी कार्य किया। इस अवसर पर समिति द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर और स्थायी रोजगार न रखने वाले व्यक्ति को 1 ठेला प्रदान किया गया, ताकि वह सब्जी और फल बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके और आत्मनिर्भर बन सके। इससे पहले वह व्यक्ति बारिश में कठिनाइयों का सामना करते हुए जमीन पर बैठकर सब्जी बेचता था, जिससे उसका सामान खराब हो जाता था। इस कार्य के दौरान विनीता शर्मा ने ठेले प्राप्त करने वाले व्यक्ति का शाल, पुष्पमाला और श्रीफल से सम्मान किया और उसे आशीर्वाद दिया। इस मौके पर सरिता सिंह, मृगनयनी मेघाली, सुष्मिता मिश्रा, पुष्पा नेता, सुमन जाखड़, स्मिता प्रधान, रिचा जिंदल, तृप्ति पांडे और चंद्रकला दुबे सहित अन्य सदस्याएं भी उपस्थित रहीं।



# किसानों के बिजली कनेक्शन काटना शर्मनाक : सिंह

**▸ बिल जमा होने के बाद भी काटे कनेक्शन, दी उग्र आंदोलन की चेतावनी**

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में बिल जमा होने के बावजूद किसानों के बिजली कनेक्शन काटे जाने के विरोध में बुधवार को कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। उन्होंने कनिष्ठ यंत्री कार्यालय अनूपपुर में ज्ञापन सौंपकर विद्युत विभाग से अविलंब कनेक्शन जोड़ने की मांग की।

जानकारी के अनुसार ग्राम बेला क्षेत्र के कई किसानों के सिंचाई पंपों के बिल भरने के बावजूद कनेक्शन विच्छेद कर दिए गए, जिससे धान फसल की सिंचाई बाधित हुई। इस पर पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश सिंह एवं पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिला अध्यक्ष रजन कुमार राठौर के नेतृत्व में प्रभावित किसान कनिष्ठ यंत्री कार्यालय पहुंचे और विभाग के खिलाफ विरोध जताया।

### फसल सूखने के कगार पर है

किसानों ने बताया कि कनेक्शन काटने से फसल सूखने के कगार पर है और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कनिष्ठ यंत्री ने अविलंब कनेक्शन जोड़ने का आश्वासन दिया। रमेश सिंह ने कहा कि यह किसानों के साथ अन्याय है। प्रदेश सरकार की दोहरी नीतियों के कारण किसान संकट में हैं। कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है और यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा।

### विद्युत विभाग की कार्रवाई अन्यायपूर्ण

इस दौरान बड़ी संख्या में प्रभावित किसान भी कांग्रेस नेताओं के साथ मौजूद थे। किसानों ने विद्युत विभाग की इस कार्रवाई को अलोकतांत्रिक व अन्यायपूर्ण बताया और प्रशासन से शीघ्र न्याय की मांग की।

# वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान जारी

**कांग्रेस द्वारा वोट चोरी के मुद्दे पर नागरिकों को किया जा रहा जागरूक**



**अनूपपुर नवभारत 24 सितंबर।** कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश सिंह एवं पूर्व जिला महामंत्री उमेश राय ने बताया कि राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी के मुद्दे पर पूरे देश में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा हैं।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा इस मुद्दे पर 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर 2025 तक राष्ट्रव्यापी वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। 5 करोड़ से अधिक हस्ताक्षर एकत्र कर चुनाव आयोग एवं भारत के राष्ट्रपति को जनता के सशक्त जनादेश के रूप में सौंपा जायेगा। यह अभियान केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, यह संविधान की रक्षा और भारतीय लोकतंत्र को सुरक्षित रखने की निर्णायक पहल है। अत: कार्यक्रम को योजनावद्ध तरीके से रणनीति बनाकर स्थानीय मीडिया एवं सोशल मीडिया, प्रेस कान्फ्रेंस एवं बेनर पोस्टर के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार के साथ समस्त जिलों में मण्डल स्तर तक एक साथ संपन्न करना है।

### प्रत्येक जिले से एक लाख हस्ताक्षर कराने का निर्णय

हर जिले से कम से कम एक लाख हस्ताक्षर कराने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए जिला स्तर पर एक टीम बनाकर डे टू डे की मॉनिटरिंग कराना भी सुनिश्चित करेंगे। इसलिए कांग्रेस पार्टी से जुड़े सभी लोगों से आग्रह किया गया है कि आप वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को व्यापक तरीके से सभी की सहभागिता द्वारा सफल बनायें एवं हस्ताक्षर की सूची व्यवस्थित फार्मेट में तथा मीडिया कवरेज, फोटोग्राफ एवं वीडियो सहित तय समय सीमा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करे।

## शिवांश ने ट्रैफिक मित्र पद से दिया इस्तीफा

**अनूपपुर, नवभारत 24 सितंबर।** सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की नि:शुल्क मदद करने वाले समाजसेवी शिवांश सिंह ने ट्रैफिक मित्र पद से इस्तीफा दे दिया है। शिवांश पिछले छह वर्षों से लगातार नि:स्वार्थ भाव से इस सेवा कार्य को अंजाम दे रहे थे और पिछले तीन महीनों से जिला पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर ट्रैफिक मित्र की भूमिका निभा रहे थे। अपने त्यागपत्र में शिवांश सिंह ने स्पष्ट किया कि हाल ही में उनके खिलाफ यह अफवाह फैलाई जा रही है कि उन्हें राहवीर योजना के तहत सरकार से 25 हजार की राशि मिली है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से झूठ है और उन्हें किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं हुई है। शिवांश ने लिखा कि उनके निस्वार्थ सेवा कार्य के बावजूद इस तरह की अफवाहें फैलाकर उनकी छवि को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

# स्वस्थ बच्चे राष्ट्र की सच्ची नींव है : प्रीति सिंह

**आंगनबाड़ी केंद्र खाड़ा में पोषण आहार दिवस का आयोजन**



**अनूपपुर, नवभारत 24 सितंबर।** बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार अत्यंत आवश्यक है। कुपोषण को जड़ से मिटाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए समय पर कृमि मुक्ति की दवा देना भी आवश्यक है। स्वच्छता, पोषण और नियमित स्वास्थ्य देखभाल से ही आने वाली पीढ़ी मजबूत और सक्षम बनेगी।

यह विचार बुधवार को आंगनवाड़ी केंद्र खाड़ा में आयोजित पोषण आहार दिवस एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति सिंह ने व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं 2 में संयुक्त रूप से किया गया। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुकीर्तनी मिश्रा, सहायिका सुषमा नामदेव, आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग की भानुमति सिंह, आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 2 की कार्यकर्ता ममता गुप्ता एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही।

### आंगनबाडी कार्यकर्ताओं की सराहना

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से पोषण अभियान जन-जन तक पहुंच रहा है। उन्होंने माताओं से अपील की कि वे बच्चों के भोजन में दाल, हरी सब्जियां और दूध जैसे पौष्टिक तत्व शामिल करें और स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषण आहार के महत्व, कृमि मुक्ति की दवा वितरण और स्वच्छता के व्यवहार अपनाने पर जानकारी दी।

## एक नजर में



### विद्यार्थियों ने चित्रकला, रैली और रंगोली से दिया स्वच्छता का संदेश

**अनूपपुर, नवभारत 24 सितंबर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार जनभागीदारी, स्वच्छता, सेवा व जनकल्याणकारी कार्यक्रम को व्यापक रूप देने के लिए जिले में सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है, जो 2 अक्टूबर तक जारी रहेगा। इस अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता और सेवा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कई गतिविधियां आयोजित की गईं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लतार में विकसित भारत थीम पर रंगोली प्रतियोगिता, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंड़ी में चित्रकला प्रतियोगिता, शासकीय हाई स्कूल टिटही जैतहरी में स्वच्छता रैली तथा सांदीपनि विद्यालय कोहका में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके अलावा जिले के अन्य विद्यालयों में पौधरोपण, स्वच्छता शपथ और विविध सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।



### सांकेतिक भाषा के महत्व पर की गई चर्चा

**अनूपपुर, नवभारत 24 सितंबर।** बधिर व्यक्तियों के सम्मान और गरिमा सुनिश्चित करने तथा सांकेतिक भाषा की मान्यता बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास अनूपपुर में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष की थीम थी सांकेतिक भाषा के अधिकारों के बिना मानवाधिकार नहीं। कार्यक्रम में दिव्यांग मूकबधिर बच्चों की उपस्थिति में सांकेतिक भाषा के महत्व पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बच्चों को सांकेतिक भाषा की जानकारी, कोक्लियर इम्प्लांट के लाभ तथा उपरांत थैरेपी के माध्यम से नई दिशा प्रदान करने संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग केके सोनी, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी नगरपालिका सुदीप गर्ग, डीडीआरसी स्टाफ तथा सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

# अल्पविराम एक सकारात्मक विकल्प : मिश्रा



**कोतमा में विकासखंड स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला आयोजित**

**अनूपपुर, नवभारत 24 सितंबर।** राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से जनपद सभागार कोतमा में विकासखंड स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोतमा ममता मिश्रा रहीं, जबकि अध्यक्षता बीआरसी कोतमा अजय शाह ने की। कार्यशाला की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर ममता मिश्रा ने कहा कि जीवन की भागदौड़ और परेशानियों के बीच अल्पविराम ही एक सकारात्मक विकल्प है, जो मानसिक शांति और संतुलन प्रदान करता है।

### प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए

कार्यशाला में जिला प्रशिक्षक आनंद संस्थान संतोष तिवारी, रामकुमार राठौर और नेहा तिवारी ने आनंद संस्थान की गतिविधियों, जीवन का लेखा-जोखा, सुख-दुख की समझ, क्षमा करने और घटनाओं को भूलने जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संचालन ओंकार सिंह तथा आभार प्रदर्शन विकासखंड समन्वयक जन अभियान परिषद कोतमा सरिमन साकेत ने किया।

## डूमरकछार में स्वच्छता की दिलाई गई शपथ

**अनूपपुर, नवभारत** .शासन के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से प्रदेशभर में संचालित सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत नगर परिषद डूमरकछार में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। निकाय अध्यक्ष एवं जिला योजना समिति सदस्य डॉ. सुनील कुमार चौरसिया तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोहर बिंझवार के मार्गदर्शन में प्रतिदिन विविध गतिविधियां संपन्न हो रही हैं। जिनमें 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण देखा गया, 18 सितंबर को नगर में पॉलिथीन प्रतिबंध जागरूकता रैली व चालानी कार्यवाही, 20 सितंबर को नगर परिषद क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों व प्राकृतिक जल स्त्रोतों की विशेष सफाई, 22 सितंबर को सफाई मित्रों व नल-जल शाखा के कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं 23 सितंबर सातवें दिन सफाई मित्रों को स्वच्छता किट वितरित की गई। शासकीय एकीकृत विद्यालय में विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।



# रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त

**अनूपपुर, नवभारत 24 सितंबर।** जैतहरी पुलिस ने 24 सितम्बार को अवैध रेत परिवहन के मामले में कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया। मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर पुलिस ने गोबरी घाट क्षेत्र में कार्यवाही की, जिसमें ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 18 एबी 6292 को जैतहरी की ओर जाते हुए पकड़ा।

पुलिस ने चालक संतोष कुमार राठौर से ट्रैक्टर में लोड़ रेत से संबंधित दस्तावेज की मांग की गई, लेकिन चालक ने मौके पर कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखाया गया। पुलिस ने अवैध खनिज रेत का परिवहन करते पाए जाने पर ट्रैक्टर सहित रेत को जब्त कर आरोपी संतोष कुमार राठौर के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

**होगी व्यवस्थाएं** | कोतमा थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित

# त्यौहार में बिजली कटौती नहीं की जाए : एसडीएम



**कोतमा नवभारत 24 सितंबर।** नवरात्रि एवं दशहरा को शांति एवं सोहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम अजीत तिर्की ने कहा कि नगर में त्यौहार शांति और सौहार्दपूर्ण ढंग से पर्व मनाए जाने की परंपरा रही है।

उन्होंने कहा कि महिलाएं सुबह 5 बजे से मंदिर जाती है। इनके लिए सफाई एवं पुलिस की व्यवस्था की जाएगी। गरबा परिसर में महिलाओं एवं किशोरियों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। त्यौहार में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रहे और अनावश्यक बिजली कटौती नहीं की जाए, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। त्यौहार में भीड़ भाड़ होने के कारण यातायात व्यथित रहे जिसका नागरिक एवं व्यापारी ध्यान रखे। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुरक्षा के साथ विसर्जन होगा जिसके लिए त्यौहार को लेकर स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट किया गया है।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ, एसडीएम अजीत तिर्की, एसडीओपी आरती शाक्य, पूर्व विधायक मनोज अग्रवाल, तहसीलदार दशरथ सिंह, थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल, सीएमओ प्रदीप झरिया, विद्युत विभाग सहायक अभियंता राहुल श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन सहित नगर के गणमान्य नागरिक, व्यापारी, दुर्गा समिति सदस्य, मीडिया कर्मी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### गांधी चौक के पास कंट्रोल रूम बनेगा

गांधी चौक के पास कंट्रोल रूम बनेगा, जहां से पूरे नगर की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नियमानुसार किया जाए। पंडाल में समिति के सदस्य रात में अवश्य रहेंगे। समिति के सदस्य बिजली एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनुमति संबंधित विभाग से अवश्य रूप से लेकर ही उपयोग करे।